भारत सरकार

रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय

औषध विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 813

दिनांक 26 जुलाई, 2024 को उत्तर दिए जाने के लिए

उच्च लागत वाली दवाओं के आयात पर निर्भरता

813. डॉ. श्रीकांत एकनाथ शिंदेः
श्री नरेश गणपत म्हस्केः
श्री प्रवीण पटेलः
श्री हरीभाई पटेलः

क्या **रसायन और उर्वरक** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने इस बात को संज्ञान में लिया है कि भारत उच्च लागत वाली दवाओं के आयात पर अत्यधिक निर्भर है;

(ख) यदि हां, सरकार द्वारा तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस मुद्दे के समाधान के लिए क्या कदम उठाए गए/उठाए जाने का प्रस्ताव है;

(ग) क्या सरकार के पास देश में उच्च लागत वाले फार्मास्युटिकल उत्पादों का उत्पादन करने के लिए घरेलू कंपनियों को प्रोत्साहन प्रदान किए जाने की कोई योजना है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और उन घरेलू कंपनियों की सूची क्या है जिन्होंने इन प्रोत्साहनों का लाभ उठाया है;

(ङ) क्या सरकार ने इस योजना के माध्यम से ऐसी दवाओं के घरेलू उत्पादन में कोई सुधार देखा है; और

(च) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

रसायन एवं उर्वरक राज्य मंत्री (सुश्री अनुप्रिया पटेल)

(क) से (च): भारत को विश्व की फार्मेसी होने का सम्मानित खिताब प्राप्त है। मात्रा की दृष्टि से यह औषध का तीसरा सबसे बड़ा विनिर्माता है। भारत जेनेरिक आधारित फॉर्मूलेशन में विशेषज्ञता रखता है, जिसका निर्यात 200 से अधिक देशों में किया जाता है।

औषधि सम्मिश्रणों और जैविक उत्पादों का निर्यात मूल्य वर्ष 2014-15 में 11.22 बिलियन डॉलर से बढ़कर वर्ष 2023-24 में 21.71 बिलियन डॉलर हो गया। इसी अवधि के दौरान औषधि सम्मिश्रणों और जैविक उत्पादों का आयात 2014-15 के 1.56 बिलियन डॉलर से धीमी गति से बढ़कर 2023-24 में 2.50 बिलियन डॉलर हो गया। इसलिए, भारत औषध क्षेत्र में व्यापार अधिशेष की स्थिति में है।

औषध विभाग औषध के लिए उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना को लागू कर रहा है जिसका उद्देश्य इस क्षेत्र में निवेश और उत्पादन बढ़ाकर और औषध क्षेत्र में उच्च मूल्य की वस्तुओं के लिए उत्पाद विविधीकरण में योगदान देकर भारत की विनिर्माण क्षमताओं का संवर्धन करना है। इस योजना का वित्तीय परिव्यय 15,000 करोड़ रुपये है तथा इसकी अवधि वित्त वर्ष 2027-28 तक है। इस योजना में 55 चयनित आवेदकों को तीन श्रेणियों के अंतर्गत चिन्हित उत्पादों के विनिर्माण के लिए छह वर्ष की अवधि के लिए वित्तीय प्रोत्साहन प्रदान किया जाता है। इस योजना के अंतर्गत उत्पाद श्रेणी 1 और 3 के तहत आने वाली औषधियां जैसे बायो-फार्मास्युटिकल्स, कॉम्प्लेक्स जेनरिक, जीन थेरेपी औषधियां, ऑर्फन औषधियां, ऑटो-इम्यून औषधियां, कैंसर रोधी औषधियां आदि का विनिर्माण किया जा रहा है। उत्पाद श्रेणी 2 के अंतर्गत दवाओं में सक्रिय औषधीय घटक और उनकी मध्यवर्ती सामग्रियां शामिल हैं। इस योजना के अंतर्गत योजना प्रतिभागियों द्वारा 29,268 करोड़ रुपये का निवेश किया गया है। इस योजना के अंतर्गत कुल 1,61,209 करोड़ रुपये की संचयी बिक्री हुई (जिसमें 98,837 करोड़ रुपये का निर्यात शामिल है)। योजना प्रतिभागियों को 2,201 करोड़ रुपये की प्रोत्साहन राशि जारी की गई है। प्रोत्साहन का लाभ उठाने वाली घरेलू कम्पनियों की सूची **अनुलग्नक-I** में संलग्न है।

इसके अलावा, 5,000 करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ 5 वर्षों की अवधि अर्थात वित्त वर्ष 2023-24 से 2027-28 के लिए फार्मा-मेड टेक में अनुसंधान और नवाचार के संवर्धन की योजना (पीआरआईपी) को अधिसूचित किया गया है। इस योजना का उद्देश्य देश में अनुसंधान अवसंरचना को सुदृढ़ करके भारतीय औषध क्षेत्र को लागत आधारित से नवाचार आधारित विकास में परिवर्तित करना है।

अनुलग्नक- I

<u>घरेलू आवेदकों की सूची जिन्होंने औषध संबंधी पीएलआई योजना के अंतर्गत श्रेणी 1 और 3 के तहत अनुमोदित उत्पादों के आधार पर प्रोत्साहन का लाभ उठाया है:</u>

क्र. सं.	आवेदक का नाम
1	अरबिंदो फार्मा लिमिटेड
2	सिप्ला लिमिटेड
3	डॉ. रेड्डीज़ लैबोरेटरीज लिमिटेड
4	ग्लेनमार्क फार्मास्यूटिकल्स लिमिटेड
5	इंटास फार्मास्यूटिकल्स लिमिटेड
6	ल्यूपिन लिमिटेड
7	सन फार्मास्युटिकल इंडस्ट्रीज लिमिटेड
8	टोरेंट फार्मास्यूटिकल्स लिमिटेड
9	ज़ाइडस लाइफसाइंसेज लिमिटेड
10	एलेम्बिक फार्मास्यूटिकल्स लिमिटेड
11	बायोकॉन लिमिटेड
12	बायोलॉजिकल ई लिमिटेड
13	एमक्योर फार्मास्यूटिकल्स लिमिटेड
14	मैकलियोड्स फार्मास्यूटिकल्स लिमिटेड
15	एमएसएन लैबोरेट्रीज प्राइवेट लिमिटेड
16	नैटको फार्मा लिमिटेड
17	स्ट्राइड्स फार्मा साइंस लिमिटेड
18	आरती फार्मालैब्स लिमिटेड
19	अरागेन लाइफ साइंसेज़ लिमिटेड
20	बीडीआर फार्मास्यूटिकल्स इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड
21	कॉनकॉर्ड बायोटेक लिमिटेड
22	मल्लदी ड्रग्स एंड फार्मास्यूटिकल्स लिमिटेड
23	नोश लैब्स प्राइवेट लिमिटेड
24	पैनेसिया बायोटेक लिमिटेड
25	साई लाइफ साइंसेज़ लिमिटेड
26	श्री कृष्णा फार्मास्यूटिकल्स लिमिटेड
27	स्टेरिल-जीन लाइफ साइंसेज प्राइवेट लिमिटेड
28	सिम्बियोटेक फार्मालैब प्राइवेट लिमिटेड

29	उमेडिका लैबोरेटरीज प्राइवेट लिमिटेड
30	वीनस रेमेडीज लिमिटेड
31	सिमेड लैब्स लिमिटेड
32	अभिलाष लाइफ साइंसेज एलएलपी
33	ऑरोरे लाइफ साइंसेज प्राइवेट लिमिटेड
34	बाल फार्मा लिमिटेड
35	बायोफोरे इंडिया फार्मास्यूटिकल्स प्राइवेट लिमिटेड
36	मिलन लैबोरेटरीज इंडिया प्राइवेट लिमिटेड
37	नियोजेन केमिकल्स लिमिटेड
38	ऑप्टिमस ड्रग्स प्राइवेट लिमिटेड
39	साइकोट्रॉपिक्स इंडिया लिमिटेड
40	वंदना लाइफ साइंसेज प्राइवेट लिमिटेड

*****